Rediffusion/Edelman

Coverage Report: TCS IT Wiz – Kolkata Edition

Publication: Prabhat Khabar
Date: 01/09/2016
Edition: Jamshedpur
Page No: 17
Headline: Loyola's Anubhav and Praneet are winners

टीसीएस आइटी विज के कोलकाता एडिशन में जमशेदपुर का जलवा

लोयोला के अनुभव व प्रनीत विजेता

- राजेंद्र विद्यालय के शादान कलाम व अदनान अजमत उप विजेता

लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर

कोलकाता में आयोजित टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) आइटी विज की रीजनल राउंड में शहर के छात्रों ने अपनी प्रतिभा साबित की है. प्रतियोगिता पांच चरणों में संपन्न हुई. इसमें लोयोला स्कूल की टीम में शामिल छात्र अनुभव कुमार सिंह व प्रनीत सिंह ने प्रथम पुरस्कार हासिल कर रीजनल चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है. वहीं साकची स्थित राजेंद्र विद्यालय की टीम में शामिल छात्र शदान कलाम व अदनान अजमत प्रतियोगिता के उप विजेता रहे हैं. प्रतियोगिता का फाइनल कोलकाता के संगीत कला मंदिर के ऑडिटोरियम में हुआ. क्विज का विषय था 'डिफॉल्ट इन डिजीटल'. क्विज के कोलकाता संस्करण के समापन समारोह में भारतीय सांख्यिकी संस्थान के निदेशक डॉ संघमित्रा बंदोपाध्याय, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज, पूर्वी क्षेत्र के वाइस प्रेसीडेंट सह जीएम सुरेश मेनन ने पुरस्कृत किया. पिकब्रेन गिरि बालासुब्रह्मण्यम क्विज मास्टर की भूमिका निभायी. आयोजकों की ओर से बताया गया है कि इस राउंड में विजेता टीम मुंबई में आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय स्तर के फाइनल मुकाबले में भाग लेगी.